NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/76/21

Date : 8.2.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– AHO (Gr. B) की होने वाली परीक्षा दिनांक 12.2.2021 में श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी, सी.एच.आई/कानपुर का नाम शामिल किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि AHO के पद पर चयन के लिये दिनांक 11.10.2018 को नोटिस जारी कर भाग लेने वाले योग्य मुख्य स्वास्थ निरीक्षको की सूची जारी कर परीक्षा में सम्मिलित होने के सम्बन्ध में सहमति/असहमति मांगा गया जिसपर श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी (क्रम सं0 3) ने अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण असहमति व्यक्त किया था, इसी कारण श्री बद्री प्रसाद का नाम चयन में भाग लेने वाले योग्य कर्मचारियों की सूची से हटा दिया गया, इसके बावजूद चयन प्रक्रिया अन्य प्रशासनिक कारणो से वर्ष 2020 तक पूरी नही हो पायी और वर्तमान में 22.12.2020 को होने वाली परीक्षा की तिथि भी बढ़ाकर 12.2.2021 को निश्चित किया गया है।

प्रधान कार्यालय ने AHO के पद पर चयन प्रकिया पुनः शुरू करते हुये दिनांक 14.9.2020 को नोटिस जारी किया और चयन में भाग लेने वाले योग्य उम्मीदवारो की Inter Se seniority की सूची जारी कर उनसे लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिये दिनांक 30.9.2020 तक सहमति/असहमति मांगा, लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि उस सूची में श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी का नाम नही था जिसपर श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी CHI/CNB ने प्रत्यावेदन देकर अवगत कराया कि उनकी पारिवारिक परिस्थितियां अब ठीक है और अनुरोध किया कि वरीयता के अनुसार उन्हें भी लिखित परीक्षा में भाग लेने दिया जाय।

लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि वर्ष 2018 में दिये गये असहमति के कारण श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी CHI/CNB को वरिष्ट होने के बावजूद AHO की लिखित परीक्षा दिनांक 22.12.2020 में भाग लेने की अनुमति नही दिया गया, जो उचित नही है।

NCRES का अनुरोध है कि वर्ष 2018 के नोटिफिकेशन पर शुरू की गई AHO के एक पद की चयन प्रक्रिया में वरिष्ट होने के कारण श्री बद्री प्रसाद द्विवेदी CHI/CNB को दिनांक 12.2.2021 की परीक्षा में भाग लेने के लिये अनुमति प्रदान कर न्याय किया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री